International Indian School
Riyadh KSA P.O.B-89788

Class :- 8th Worksheet SA-I
Subject :- Hindi June - 2013

पाठ-1 ध्वनि

1. कवि को ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अंत अभी नहीं होगा?
2. फूलों को अनंत तक विकसित करने के लिए कवि कौन-कौन प्रयास करता है?
3. कवि पुष्पों की तंद्रा और आलस्य दूर हटाने के लिए क्या करना चाहता है?

पाठ-2 लाख की चूड़ियाँ

1. बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाता था और बदलू को 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' क्यों कहता था?
2. वस्तु-विनिमय क्या है? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है?
3. 'मशीनी युग ने कितने हाथ काट दिए हैं।' इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है?
4. मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?

3 किन पंक्तियों का भाव है — कविता - भगवान के डाकिए

(क) पक्षी और बादल प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश एक देश से दूसरे देश को भेजते हैं।

(ख) प्रकृति देश-देश में भेदभाव नहीं करती। एक देश से उठा बादल दूसरे देश में बरस जाता है।

पाठ- 8 यह सबसे कठिन समय नहीं

1 "यह कठिन समय नहीं है?" यह बताने के लिए कविता में कौन-से तर्क प्रस्तुत किए गए हैं? स्पष्ट कीजिए।

2 चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है? वह तिनकों का क्या करती होगी? लिखिए।

व्याकरण (Grammar)

* पर्यायवाची शब्द 1. भँवरा 2. सरस्वती 3. हृदय 4. पथिक 5. प्रेम 6. अनुचर 7. साधु 8. चाँदनी 9. दूध 10. कृषक

* विलोम शब्द

1. ऐच्छिक 2. कृतज्ञ 3. ईर्ष्या 4. खल 5. उजला 6. आकर्षण 7. ग्राह्य 8. अंतरंग 9. तुच्छ 10. प्रेम

## पाठ-3 बस की यात्रा

1 "मैंने उस कंपनी के हिस्सेदार की तरफ़ पहली बार श्रद्धाभाव से देखा"। • लेखक के मन में हिस्सेदार साहब के लिए श्रद्धा क्यों जग गई ?

2 "लोगों ने सलाह दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफ़र नहीं करते"। • लोगों ने यह सलाह क्यों दी ?

3 "ऐसा जैसे सारी बस ही इंजन है और हम इंजन के भीतर बैठे हैं।" • लेखक को ऐसा क्यों लगा ?

4 "गज़ब हो गया। ऐसी बस अपने आप चलती है।"
• लेखक को सुनकर यह हैरानी क्यों हुई ?

## पाठ-4 दीवानों की हस्ती

1 कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है ?

2 कविता में ऐसी कौन-सी बात है जो आपको सबसे अच्छी लगी ?

## पाठ-6 भगवान के डाकिए

1 कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों बताया है ? स्पष्ट कीजिए।

2 एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजती है"—कथन का भाव स्पष्ट कीजिए।

* अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

निम्नलिखित शब्दों का उचित मिलान कीजिए :-
Match the following

| | क | ख |
|---|---|---|
| 1 | जिज्ञासु | जिसमें शक्ति न हो |
| 2 | प्रतिलिपि | जिसके समान कोई दूसरा न हो |
| 3 | अशक्त | जो सबको प्रिय हो |
| 4 | विधुर | जो आँखों के सामने न हो |
| 5 | अद्वितीय | जो कम बोलता हो |
| 6 | सर्वप्रिय | लेख की नकल |
| 7 | परोक्ष | जिसकी पत्नी मर गई हो |
| 8 | आगामी | जिसे जीता न जा सके |
| 9 | मितभाषी | जिसमें जानने की इच्छा हो |
| 10 | अपराजेय | जो भविष्य में आने वाला हो |
| 11 | मांसाहारी | जिसका पति मर गया हो |
| 12 | विधवा | मांस खाने वाला |
| 13 | नवजात | जिसका इलाज न हो सके |
| 14 | ऐतिहासिक | जो नया जन्मा हो |
| 15 | असाध्य | इतिहास से संबंधित |

* उपसर्ग की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

* प्रत्यय की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

* पत्र
अपने छोटे भाई को पशु-पक्षियों के प्रति अच्छा व्यवहार करने की सीख देते हुए पत्र लिखिए।

* अनुच्छेद
उफ! ये परीक्षाएँ

* अपठित गद्यांश

विद्यार्थी का लक्ष्य विद्योपार्जन है। राजनीति इसके लक्ष्य की पूर्ति नहीं कर सकती। राजनीति वास्तव में धूर्तों का खेल है जो अनेक दाँव-पेंच खेलकर जीवन में सफलता प्राप्त कर लेते हैं। यह सरल एवं शुद्ध-हृदय विद्यार्थी के बस का रोग नहीं है। राजनीति छात्रों के अध्ययन में बाधा ही नहीं डालती, वह उन्हें गुमराह भी कर देती है। अतः छात्रों को चाहिए कि सर्वप्रथम अपने आपको योग्य बनाने के बाद ही वे राजनीति क्षेत्र में कदम रखें।

(P.T.O)

Q-1 उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

Q-2 राजनीति किसका खेल है?

Q-3 विद्यार्थी का लक्ष्य क्या है?

Q-4 छात्रों को राजनीति में भाग क्यों नहीं लेना चाहिए?

Q-5 हृदय शब्द का अर्थ लिखिए।

अपठित पद्यांश

तापित को स्निग्ध करे, प्यासे को चैन दे,
सूखे हुए अधरों को फिर से जो बैन दे,
ऐसा सभी पानी है।
लहरों के आने पर, काई-सा फटे नहीं,
रोटी के लालच में, तोते-सा रटे नहीं,
प्राणी वही प्राणी है।
बोले तो हमेशा सच, सच से हटे नहीं,
झूठ के डराए से, हरगिज डरे नहीं,
सचमुच वही सच्चा है।



P.T.O

Q-1 पद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

Q-2 सच्चा प्राणी कौन है?

Q-3 सच्चा 'मनुष्य' कौन कहलाता है?

Q-4 स्निग्ध का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

Q-5 तापित का अर्थ लिखिए।